उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-250 /08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/12-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 03 नवम्बर, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/12 के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये 46282 अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक 13-11-2026 से आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-1424/20/तीन (परी0-1)/2025/खण्ड-1, दिनांक 25-09-2026 को प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के क्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की टंकण परीक्षा दिनांक 13-11-2026 से 26-11-2026 तक प्रत्येक दिन दो पालियों में जनपद लखनऊ के परीक्षा केन्द्र-**Excellence Infotec, In Campus of Rajat Woman's College of Education and Management, In front of Rajat P.G. College, New Panchvati, Kamta, Ayodhya Road, Lucknow-226028** पर आयोजित की जायेगी। टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्रथम पाली के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय (रिपोर्टिंग टाइम) प्रातः 08:00 बजे व प्रवेश द्वार बंद होने का समय प्रातः 09:30 बजे तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय (रिपोर्टिंग टाइम) मध्याह्न 12:00 बजे व प्रवेश द्वार बंद होने का समय अपराह्न 01:30 बजे निर्धारित किया गया है।

टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए दिनांक 03-11-2026 से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में उल्लिखित विस्तृत निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा परीक्षा केंद्र पर निर्धारित तिथि व समय पर टंकण परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

03/11/2026
(सुभाष चन्द्र प्रजापति)
परीक्षा नियंत्रक।